बराक नदी

[स्रोत: TH](#)

मणिपुर के जिरीबाम ज़िले में बराक नदी में तैरते हुए मिले तीन शवों के बारे में माना जा रहा है कि वे राज्य में जारी हिंसा के शिकार हैं।

- **बराक नदी: सेनापति ज़िले में मणिपुर पहाड़ियों** से निकलती है। यह **नगालैंड-मणिपुर सीमा के साथ प्रवाहित होती है,** असम और फिर बांग्लादेश में प्रवेश करती है जहाँ इसे सूरमा तथा कुशियारा के नाम से जाना जाता है और बाद में इसे **मेघना के नाम से जाना जाता है** (**गंगा व ब्रह्मपुत्र** के संयुक्त प्रवाह को प्राप्त करने से पहले)।
- **उप-बेसिन** में पाई जाने वाली प्रमुख मृदा **लैटेराइट तथा लाल और पीली मृदा** हैं।
  - बराक की प्रमुख सहायक नदियाँ **जिरी, धलेश्वरी, सिंगिला, लोंगई, सोनाई और कटाखल हैं।**
  - बराक उप-बेसिन भारत, बांग्लादेश और बर्मा के इलाकों में जल निकासी प्रदान करता है। यह **उत्तर में ब्रह्मपुत्र बेसिन से अलग होने वाली बरेल पर्वतमाला,** पूर्व में नागा और लुशाई पहाड़ियों, दक्षिण एवं पश्चिम में मिज़ो पहाड़ियों तथा बांग्लादेश के क्षेत्र से घिरा हुआ है।
  - बराक उप-बेसिन **दो प्रमुख भौगोलिक क्षेत्रों में विभाजित है:** पहाड़ी क्षेत्र (जहाँ जनजातीय आबादी रहती है) और मैदानी क्षेत्र जो घनी आबादी वाले हैं तथा जहाँ बड़े पैमाने पर कृषि होती है।

और पढ़ें: **मणिपुर में हिंसा**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/barak-river